दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ढाबा संचालक को मोबाइल पर गाली, गलौच व जान से मारने की धमकी, कोतवाली में एफआईआर दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 29.08.2022 को उर्दना स्थित वेलकम ढाबा के संचालक सत्येन्द्र विश्वकर्मा पिता रामफल विश्वकर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी दिनदयाल कालोनी रायगढ़ द्वारा दिनांक 29.08.2022 के सुबह करीब 11.00 बजे मोबाइल नंबर 882794XXXX के धारक के द्वारा मोबाइल पर कॉल कर अश्लील गाली गलौच व जान से मार देने की धमकी देने का लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। थाना कोतवाली में मोबाइल नंबर 882794XXXX के धारक के विरूद्ध धारा 507 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### झारखंड में सियासी संकट : विधायको को रायपुर शिफ्ट करने की तैयारी

**रायपुर (आरएनएस)।** झारखंड में सियासी संकट लगातार बरकरार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने विधायकों की टूट का डर इस कदर सताया है कि वे उनका साथ नहीं छोड़ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि अब सभी विधायकों को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शिफ्ट करने की तैयारी है। इसके लिए इंडिगो की फ्लाइट भी बुक की जा चुकी है। गौरतलब हो कि इससे पहले सोरेन अपने सभी विधायकों को रांची से लगभग 30 किमी दूर खूंटी पहुंचे थे और लतरातू बांध के पास एक झील में नाव की सवारी के लिए जाते देखे गए थे।

### बाल संप्रेक्षण गृह से नाबालिग गायब

**रायपुर (आरएनएस)।** माना स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से नाबालिग गायब हो गया। मामले में माना पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार माना के बाल संप्रेक्षण गृह से एक 14 वर्षीय बालक गायब हो गया। जिससे पुलिस ने गुम इंसान का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

### पुराना केस वापस लेने दबाव बनाकर महिला से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** नहरपारा रोड गंज के पास दो अज्ञात व्यक्ति ने पुराना केस वापस ले लो कहते हुए महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रोबिना बानो 26 वर्ष माना बस्ती की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया कल शाम नहरपारा रोड में पैदल जा रही थी। तभी अज्ञात दो व्यक्ति उसके पास आए और पुराना केस वापस ले लो कहते हुए प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### मलबा में दबकर दो मजदूरों की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** मलबा में दबकर घायल हुए दो मजदूरों की अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राकेश कुमार दा 30 वर्ष व संतोष मांझी 30 वर्ष सड्डू स्थित श्रीराम बिजनेस पार्क में काम कर रहा था। तभी छत का मलबा उन दोनों पर गिर गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए बालाजी अस्पताल में भर्ती किए थे, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी ठेकेदार वसीम खान के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 3 सितम्बर को नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का करेंगे शुभारंभ





- रोड शो के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आमसभा को करेंगे संबोधित
- कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने तैयारियों का लिया जायजा

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 3 सितम्बर को सारंगढ़ आयेंगे एवं नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का शुभारंभ करेंगे। कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा आज सारंगढ़ पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ओएसडी डी.राहुल वेंकट, ओएसडी पुलिस राजेश कुकरेजा, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी साथ रहे।

नवगठित सारंगढ़ जिला के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल सारंगढ़ में रोड शो करेंगे जिसके पश्चात वे खेलभांठा मैदान में आयोजित आमसभा को भी संबोधित करेंगे। कलेक्टर एवं एसपी ने इन सभी प्रस्तावित स्थलों का दौरा कर अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने विशेषकर रूट चार्ट, बैठक व्यवस्था, पार्किंग स्थल, पेयजल, बैरिकेडिंग आदि का आकलन कर इस संबंध में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित कर ओके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने आमसभा स्थल में तैयार किए जा रहे मंच तथा बैठक व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। बारिश के मद्देनजर सभा स्थल पर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर साहू ने यहां जिला कार्यालय भवन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य विभागीय जिला कार्यालय के लिए चिन्हित भवन में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस अवसर पर इस दौरान डीएफओ स्टायलो मण्डावी, एडिशनल एसपी लखन पटले, एडिशनल एसपी महेश्वर नाग, ज्वाईंट कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएमएचओ डॉ.एस. एन.केशरी, डीईओ आर.पी.आदित्य, ईई पीडबल्यूडी खाम्बरा, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश श्रीवास सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 7 सितंबर से राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस की कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकलेगी पदयात्रा

- पदयात्रा 5 माह 3500 किमी 12 राज्यों से होकर गुजरेंगे
- जिन राज्यों से पदयात्रा नहीं गुजरेगी वहां पर भी स्थानीय स्तर पर पदयात्रा
- पदयात्रा की शुरुआत में देशभर के सभी ब्लॉक में प्रार्थना सभा

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस 7 सितंबर से वृहद पदयात्रा का आयोजन कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी पदयात्रा की अगुवाई करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि पहली बार इस देश में इतना व्यापक और बड़ा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा जिसमें कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की पदयात्रा का आयोजित किया गया है। जिसके दौरान 7 सितम्बर को, शाम 5 बजे, कन्याकुमारी में विशाल रैली होगी, जिसमें राहुल गांधी जी रहेंगे और तमिलनाडु, पुदुचेरी, केरल के लोग वहाँ पर शामिल होंगे। पदयात्रा 5 माह 3500 किमी 12 राज्यों से होकर गुजरेंगे। इस पदयात्रा में तीन कैटेगरी के पदयात्री होंगे 100 पदयात्री ऐसे होंगे, जो कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक पूरा चलेंगे। इसमें सभी प्रदेशों से 5 लोग शामिल होंगे। 100 पदयात्री उन राज्यों के होंगे, जिन राज्यों से ये यात्रा नहीं गुजर रही है और 100 पदयात्री वहाँ के होंगे, जिस राज्य से पदयात्रा गुजर रही है। मुख्य बात यह है कि 7 तारीख को जब शाम को 5 बजे आमसभा रैली होगी, उसी समय देश के हर ब्लॉक में सर्वधर्म प्रार्थना होगी और जहाँ-जहाँ कनेक्टिविटी है, वहाँ से हमारी वेबसाइट पर लाइव स्ट्रीमिंग होगी, पूरे देश में मॉनिटर लगाकर वहाँ इस पूरी रैली को देखा जा सकेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश भर में सभी जगह 8 तारीख को सुबह 7 बजे कांग्रेस जन पदयात्रा करेंगे, उसमें हर ब्लॉक में, हर विधानसभा में 10 किलोमीटर की पदयात्रा करनी है। लक्ष्य यह है कि इन 5 महीनों में हर घर तक, हर परिवार तक कांग्रेस का जनसंपर्क हो और देश के सामाजिक आर्थिक जो हालात हैं, जिस प्रकार से हमारी धार्मिक समरसता को बिगाड़ा जा रहा है, जिस तरह से आर्थिक हालात बिगड़ रहे हैं, जिस तरह से गरीब, ज्यादा गरीब होता जा रहा है।

## कोहकामेटा दलम के स्थायी वारंटी दो सक्रिय नक्सली गिरफ्तार



**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत आईटीबीपी और जिला पुलिस बल की संयुक्त बल मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस ने कोहकामेटा दलम के स्थायी वारंटी 02 सक्रिय नक्सली गणेश नूरेटी, पिता आयतु निवासी किहकाड़, थाना कोहकमेटा और खेदू राम यादव, पिता हलाल निवासी किहकाड, थाना कोहकमेटा को किया गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार दोनो ही सक्रिय नक्सली ग्रामीणों को पुलिस मुखबीरी का झूठा आरोप लगाकर हत्या करने तथा पुलिस बल को जान-माल की क्षति पहुंचाने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने और आईईडी लगाने जैसे विभिन्न नक्सल अपराधों में शामिल थे। गिरफ्तारी वारंट की तामीली करते हुए दोनों नक्सलियों को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली सदस्य गणेश नूरेटी थाना नारायणपुर के (01) अपराध क्रमांक 69/2011 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट (02) अपराध क्रमांक 47/2011 धारा 365(क), 302, 201, 120बी, 147, 148, 149 भादवि (03) अपराध क्रमांक 24/2012 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट में तथा गिरफ्तार नक्सली सदस्य खेदू राम यादव थाना नारायणपुर के अपराध क्रमांक 24/2012 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट में नामजद आरोपी हैं।

## विवाहिता ने युवक पर दर्ज कराई शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट

- आरोपी को हिरासत में लेकर शीघ्र भेजा जायेगा रिमांड पर, खरसिया थाना क्षेत्र का मामला



**रायगढ़।** दिनांक 29.08.2022 को खरसिया थानाक्षेत्र की विवाविह महिला अपने पिता के साथ थाना खरसिया आकर योगेश बंजारा (24 साल) के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने संबंधी आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

पीड़िता बताई कि अभी मायके में रहती है, उसकी शादी अप्रैल 2022 को हुई है। शादी से पहले योगेश बंजारा जनवरी 2022 में शादी करूगां कहकर बहलाफुसला कर दिनांक 07.01.2022 की रात्रि घर के पीछे बुलाकर जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद भी शादी का विश्वास दिलाकर 2-3 बार संबंध बनाया और कुछ दिनों बाद शादी करूंगा कहकर टालने लगा फिर शादी करने से इंकार कर दिया। उसके बाद अप्रैल माह में घरवाले दूसरे लड़के से शादी कर दिये, जहां अच्छे से रह रही थी। तभी योगेश बंजारा द्वारा पति को मोबाइल पर कॉल करने दोनों के बीच शारीरिक संबंध होने, गर्भवती होने की बात बताया जिससे पति मायके लाकर छोड़ गया। महिला योगेश बंजारा को शादी तोडवाये हो कहकर अपने बोली। तब योगेश बंजारा करीब 10-15 दिन अपने घर साथ ले जाकर रखा और फिर घर से भगा दिया। महिला के द्वारा योगेश बंजारा के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाने और शादी से इंकार करने संबंधी दिये गये आवेदन पर आरोपी योगेश बंजारा पर थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा दुष्कर्म का अपराध (धारा 376 IPC) पंजीबद्ध कर आरोपी कहीं भागे इससे पहले अपने स्टाफ के साथ आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है, जिसे शीघ्र न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।

## कोयलंगा जंगल में अवैध महुआ शराब बनाए जाने की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस की दबिश

- जंगल भीतर 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, आबकारी एक्ट की कार्यवाई
- ग्राम छवारीपाली में घर पर शराब बेचे जाने की सूचना पर सरिया पुलिस ने की कार्यवाई, आरोपी से 7 लीटर महुआ शराब जब्त



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में लगातार अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 29.08.2022 को कोयलंगा जंगल में महुआ शराब बनाये जाने की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाई किया गया। चक्रधरनगर पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सूचना दिया कि कोयलंगा का सरोज लोहार कोयलंगा जंगल में महुआ से हाथ भट्ठी पर शराब बनाकर बिक्री करता है और आज भी जंगल में शराब बना रहा है। सूचना पर पेट्रोलिंग स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी को अवगत कराकर, कोयलंगा जंगल शराब रेड कार्यवाई किया गया। इस दरम्यान जंगल भीतर से आरोपी सरोज लोहार पिता दिलीप लोहार उम्र 27 वर्ष साकिन कोयलंगा थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ 5-5 लीटर क्षमता वाले दो डिब्बा में महुआ शराब भरकर लाता मिला जिसके पास से कुल 10 लीटर महुआ शराब, कीमती करीबन 1000 रूपये का जप्त कर आरोपी पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक दिलीप कुमार भानू, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, श्याम सुदंर साहू शामिल थे।

वहीं कल दिनांक 29/08/2022 को थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक किरण गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिला कि छवारीपाली का योगेश चौहान अपने घर में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करता है। सूचना पर कार्रवाई के लिये थाना प्रभारी सरिया द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक अर्जुन सिंह पटेल, टीकाराम पटेल, महिला आरक्षक लता कुमारी महिलांगे को रवाना किया गया। पुलिस टीम ग्राम छवारीपाली पहुंचकर गवाहों एवं योगेश चौहान को तलब कर शराब बिक्री के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी योगेश चौहान पिता रामप्रसाद चौहान उम्र 26 साल साकिन छवारीपाली घर में शराब रखना बताकर घर अंदर से एक सफेद रंग के थैला अन्दर झिल्ली में 07 लीटर हाथ भट्ठी का बना महुआ शराब जुमला कीमती 1400 रूपये लाकर पेश किया जिसे वजह सबूत जप्त कर आरोपी पर थाना सरिया में धारा- 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## काम पर लौटने वाले हड़तालियों का नहीं कटेगा वेतन



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों के संबंध में यह तय किया है कि जो कर्मचारी- अधिकारी हड़ताल से वापस आना चाहते हैं, उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। जो कर्मचारी- अधिकारी अपने कार्य पर उपस्थित होंगे, उन्हें हड़ताल अवधि का अवकाश मंजूर करते हुए वेतन भुगतान कर दिया जाए। काम पर लौटने वालों की वेतन कटौती नहीं की जाये।

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल कई अधिकारी- कर्मचारी हड़ताल से वापस आना चाहते हैं। ऐसे अधिकारी- कर्मचारी को कार्यालय में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जायेगी। हड़ताल में शामिल अधिकारी- कर्मचारी यदि 1 सितंबर या 2 सितंबर को अपने कार्य पर उपस्थित होते हैं तो हड़ताल अवधि का अवकाश स्वीकृत करते हुए उनका वेतन भुगतान किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में कहा गया था कि हड़ताली कर्मचारियों के काम पर नहीं लौटने पर हड़ताल अवधि की वेतन कटौती की जायेगी तथा सर्विस ब्रेक मानी जाएगी।

## थाना प्रभारी ने चौपाल लगाकर लोगों को दी अपराध से बचने के जानकारी

- रायगढ़ जिले में "पुलिस जन चौपाल" से जनजागरुकता



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधिकारियों द्वारा "पुलिस जन चौपाल" लगाया जा रहा है जिसका उद्देश्य रहवासियों को अपराधों तथा उससे बचाव की जानकारी देकर मौके पर समाधानकारक शिकायती आवेदन अथवा समस्या का निराकरण करना है। इसी उद्देश्य के साथ जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस जन चौपाल आयाजित कर अपराधों की जानकारी देकर पुलिस से नजदीकियां बढ़ने आमजन को प्रेरित किया गया। थाना धरमजयगढ़ के ग्राम खम्हार, थाना सरिया क्षेत्र के ग्राम तोरा, बोरिदा, बोन्दा, साल्हेओना, सांकरा, मोहदी, थाना बरमकेला क्षेत्र के ग्राम तोरेसिंगा, गोबरसिंघा, रोहनीपाली एवं गोपालपुर थाना लैलूंगा के खम्हार, थाना पुसौर के ग्राम लारा, कांदागढ़, कोतवाली पुलिस द्वारा धोबीपारा, थाना चक्रधरनगर के महापल्ली, बनोरा, नवापारा छूईपाली, कुकर्दा साल्हेओना कोसमपाली में पुलिस जन चौपाल लगाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा साइबर अपराध, मानव तस्करी, इनाम का लालच देकर ठगी जैसी घटनाओं का विस्तार से समझाते हुये सजग किया गया साथ ही फेरीवाले, सोना चांदी चमकाने वाले अथवा अवैध क्रियाकलापों की गोपनीय रूप से पुलिस को सूचना देने के लिए भी प्रेरित किया।

वहीं माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के प्रस्तावित जिला प्रवास को देखते हुए होटल, लाज, ढाबा एवं मुसाफिरों की जांच किया जा रहा है। प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार उईके द्वारा लैलूंगा थानाक्षेत्र में बाहर से आये लोगों की सघन जांच किया जा रहा।

## कृष्ण कुंज की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति : नियमित समीक्षा, सुरक्षा एवं रखरखाव पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

- पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और भरपूर ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों का हो रहा रोपण
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जन्माष्टमी के मौके पर पूरे प्रदेश में की थी कृष्ण कुंज योजना की शुरूआत



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज का विकास कर रही है। कृष्ण कुंज में वृक्षारोपण से जन-जन को जोडऩा और सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के वृक्षों के रोपण करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित कृष्ण कुंज में स्वयं वृक्षारोपण कर कृष्ण कुंज की महत्वाकांक्षी योजना पूरे प्रदेश में शुरूआत की थी। इसी दिन प्रदेश के नगरीय निकायों में बनाए गए कृष्ण कुंज में जनभागीदारी से वृक्षारोपण किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार ने कृष्ण कुंज की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिनके द्वारा कृष्ण कुंज की नियमित समीक्षा, सुरक्षा एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों के नगरीय निकायों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

गौरतलब है कि कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज योजना की शुरूआत की गई है। तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से खत्म हो रहे पेड़ो के अस्तित्व को बचाने और पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज बनाए जा रहे हैं। जहां पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वाले और भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देने वाले चंदन, रूद्राक्ष, बरगद, पीपल, कदम्ब जैसे वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। कृष्ण कुंज में आम, ईमली, बेर, गंगा ईमली, जामुन, शहतुत, तेंदू, चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, पलाश, बेल, आंवला जैसे फलदायी वृक्ष भी लगाएं जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेशभर में 2 करोड़ 20 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर और हरित कल मिल सके साथ ही राज्य हरित संपन्न बन सके।

इस क्रम में रायपुर नगरीय निकाय में विराज मुदलियार, विश्वनाथ मुखर्जी (तेलीबांधा), बीरगांव में संतोष सामंत राय, आरंग नगर पालिका में लोकनाथ ध्रुव, अभनपुर नगर पंचायत में गिरीश रजक, खरोरा में दीपक तिवारी, कुर्रा में एस.एल, बंजारे, समोदा में सतीश मिश्रा, चंदखुरी में कु. डिम्पी बैस, मंदिर हसौद में शिव चंद्राकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बलौदाबाजार नगर पालिका में ए.के. व्यास, भाटापारा में हरीश कुमार देवांगन, सिमगा नगर पंचायत में ईश्वरी प्रसाद खुंटे, कसडोल में वी.एस. ठाकुर, भटगांव में आसिफ खान, पलारी में रामाधार साहू, लवन में केशरी लाल जायसवाल, टुण्ड्रा में संतोष कुमार चौहान को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480